13. लालू और पीलू

0117CH13

एक मुर्गी थी। मुर्गी के दो चूज़े थे।

एक का नाम था लालू। दूसरे का नाम था पीलू।

लालू लाल चीज़ें खाता था।

पीलू पीली चीज़ें खाता था।

एक दिन लालू ने एक पौधे पर कुछ लाल-लाल देखा।

लालू ने उसे खा लिया।

अरे, यह तो लाल मिर्च थी!

© NCERT not to be republished

लालू की जीभ जलने लगी। वह रोने लगा। मुर्गी दौड़ी हुई आई। पीलू भी भागा। वह पीले–पीले गुड़ का टुकड़ा ले आया।



लालू ने झट गुड़ खाया। उसके मुँह की जलन ठीक हो गई। मुर्गी ने लालू और पीलू को लिपटा लिया।

© NCERT not to be republished

2022-23

क्या होता?

अगर लालू और पीलू को सफ़ेद और हरी चीज़ें पसंद होतीं तो क्या उनके नाम अलग-अलग होते?

....

फिर वे क्या-क्या खाते?

....

....

....

....

लाल मिर्च खाते ही लालू की जीभ जल गई। तुम्हारी जीभ क्या-क्या खाने-पीने से जलती है?

....

....

जीभ जलने पर तुम क्या करते हो?

....

....

....

© NCERT not to be republished